हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 कोसमी में आयोजित दो दिवसीय रामकथा में...





12 धान की फसलों में झुलसा भूरा, सुकड़ी व तनाछेदक...






## खबर संक्षेप



### जिले में अवैध रेत उत्खनन और वसूली का कारोबार

**गरियाबंद।** जिले के ग्राम पंचायत पाथरमोहदा में अवैध रेत खनन और जबरन वसूली का धंधा तेजी से फैल रहा है। इस अवैध कारोबार से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि ट्रैक्टर मालिकों और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, रेत ले जा रहे ट्रैक्टरों से प्रति ट्रिप 200 रुपये की जबरन वसूली की जा रही है। अगर कोई यह रकम नहीं देता, तो उसके ट्रैक्टर से रेत खाली करवा दी जाती है। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब विभाग कोई कार्रवाई करता है, तो सिर्फ छोटे वाहन मालिकों पर ही जुर्माना लगाया जाता है, जबकि असली सरगना बच निकलते हैं। इस क्षेत्र में कोई स्वीकृत रेत घाट नहीं है, जिसकी वजह से अवैध कारोबार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी और मिलीभगत से यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा?

### विश्वकर्मा जयंती समारोह 17 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम साजापाली में 17 सितंबर दिन बुधवार को कोसरिया विश्वकर्मा समाज घाट खाल्हे फिंगेश्वर परिक्षेत्र एवं समस्त ग्रामवासी की सहयोग से विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है।जिसके मुख्य अतिथि थनेश्वर कुमार मंडावी सरपंच साजापाली, अध्यक्ष मिलन सिंह विश्वकर्मा सर्व कोसरिया विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष छ.ग. विशिष्ट अतिथि केशव राम साहू शिक्षक, विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण साहू शिक्षक,तिरथ राम नेताम सचिव,उत्तरा बाई अशोक पटेल जनपद सदस्य छुरा, पुष्पा लता सिन्हा जनपद सदस्य छुरा, हेमन्त सिन्हा मंडल अध्यक्ष खड़मा,खेलन देवी साहू पूर्व जनपद सदस्य छुरा के आतिथ्य में का शुभारंभ सुबह 8 बजे कलश यात्रा एवं दोपहर 12 बजे अतिथि का स्वागत अभिनन्दन एवं उद्बोधन 2 बजे पुरोहित द्वारा विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना पश्चात भजन सरिता मानस मंण्डली साजापाली का मानस गान एवं रात्रिकालीन 8 बजे मां महेश्वरी जस झांकी मंण्डली सोरिद खुर्द का आयोजन होगा। कार्यक्रम का संचालक गुलाब राम यादव द्वारा किया जाएगा जिसकी तैयारी में कोसरिया समाज एवं ग्रामवासी लगे हुए है।



# रावनाभाठा में चोरी की घटनाएं, बंद घरों और सोए लोगों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रावनाभाठा में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों में दहशत पैदा कर दी है। चोर रात के अंधेरे में सुनसान और बंद घरों को निशाना बना रहे हैं, जहां से वे नकदी और गहने लेकर फरार हो जाते हैं। सुबह होने पर इन वारदातों का पता चलता है, जिससे गाँव में भय का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ चोरियाँ बेहद शातिर तरीके से की गईं। चोरों ने सोते हुए परिवारों को उनके ही कमरों में बाहर से बंद कर दिया और फिर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब परिवार जागा तो खुद को कमरे में बंद पाकर उन्हें काफी परेशानी हुई। इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों में रात की पहरेदारी शुरू करने की चर्चा तेज हो गई है।

**पुलिस का बयान और ग्रामीणों की चिंता-** गरियाबंद की एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि चोर बहुत ही शातिर हैं और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। छुरा थाना पुलिस ने मौके से सुराग जुटाए हैं और आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी गई है। एसडीओपी ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। गाँव के लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। कुछ महीने पहले भी साहू परिवार की एक बाइक चोरी हुई थी, जो अब तक नहीं मिली है। लगातार हो रही इन वारदातों से ग्रामीण पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।

## चोरी की घटनाओं से दहशत, ग्रामीण परेशान



### रावनाभाठा में हुई चार प्रमुख चोरियां

1. सुखिन बाई साहू के बंद पुश्तैनी घर से चोरों ने 20,000 नकद और 10,000 के चांदी के गहने चुराए।
2. त्रिवेंद्र साहू की किराना दुकान का शटर तोड़ा गया, हालांकि पड़ोसियों के जगने से चोर भाग निकले, लेकिन कुछ नकदी गायब थी।
3. धनंजय वर्मा के घर में चोरों ने पहले सोते हुए परिवार को कमरे में बंद किया, फिर अलमारी से पैसे और घड़ी चुरा ली।
4. राजेंद्र शर्मा और वासुदेव शर्मा के बंद घरों को भी निशाना बनाया गया, जहां सामान बिखरा मिला और कई कीमती चीजें गायब थीं।

**विड़ंबना : सरकारी रिकॉर्ड में इस औषधालय के लिए कर्मचारी नियुक्त, लेकिन नहीं हो रहा इलाज**

# पशु औषधालय वर्षों से बंद, नहीं हो रहा इलाज, गेट पर उगीं झाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक ओर राज्य सरकार गांव में पशु नस्ल सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए 'गौठान योजना' जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कर रही है, वहीं दूसरी ओर गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर क्षेत्र में पशु औषधालयों की बदहाली ने इन दावों की पोल खोल दी है। इन औषधालयों की खराब स्थिति सरकार की योजनाओं पर पानी फेरती नज़र आ रही है। हरिभूमि की टीम ने एक सप्ताह पहले कुल्हाड़ीघाट गांव में पशु औषधालय की तस्वीरें लीं, जो इस बात का सबूत हैं कि यह औषधालय वर्षों से बंद पड़ा है। यह गांव विशेष रूप से पिछड़ी कमार जनजाति का है और मैनपुर से लगभग 18 किलोमीटर दूर घने जंगल में स्थित है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पशु औषधालय के गेट पर बड़े-बड़े झाड़-झंखाड़ उग आए हैं और ताला लगा हुआ है, जिससे यह पता चलता है कि यहाँ सालों से कोई आया ही नहीं है। जबकि सरकारी रिकॉर्ड में इस औषधालय के लिए कर्मचारी नियुक्त किया गया है। गाँव के सरपंच बनसिंह सोरी और अन्य ग्रामीण जैसे नारायण सिंह, दामोदर, फूलसिंह नेताम, रतिराम, लखीराम सोरी, रामलाल और मन्नु नेताम ने बताया कि यह औषधालय वर्षों से बंद है और उन्होंने आज तक यहाँ किसी भी पशु का इलाज होते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि गांव में बड़ी संख्या में मवेशी हैं और यहाँ के पहाड़ी गाँवों में ग्रामीण सामान ढोने के लिए घोड़े भी पालते हैं। बीमार होने पर ग्रामीण खुद ही उनका इलाज करते हैं, जिसकी वजह से कई मवेशी समय से पहले ही मर जाते हैं।



## सिर्फ कुल्हाड़ीघाट ही नहीं, कई जगहों पर यही हाल

यह समस्या सिर्फ कुल्हाड़ीघाट तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के कई पशु औषधालय नियमित रूप से नहीं खुलते, जिससे किसान और मवेशी मालिक अपने पशुओं के इलाज के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। क्षेत्र के लोगों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। यह देखना होगा कि इस गंभीर मामले पर प्रशासन क्या कदम उठाता है और कब इन पशु औषधालयों को दोबारा शुरू किया जाता है, ताकि ग्रामीणों और उनके पशुओं को राहत मिल सके।

# 26 किलो गांजा जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 लाख 70 हजार रुपये कीमत का 26 किलो गांजा जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई, जिसमें अवैध गांजा, शराब, जुआ और सट्टे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। 13 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार (एमएच 04 एचजे 1555) में कुछ लोग ओडिशा से गांजा लेकर महाराष्ट्र जा रहे हैं और फिंगेश्वर होते हुए गुजरेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस ने थाना फिंगेश्वर गेट के सामने नाकाबंदी की और उस गाड़ी को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान, पुलिस को गाड़ी की पिछली सीट के नीचे एक गुप्त जगह में छुपाकर रखे गए खाकी रंग के टेप से लिपटे दस पैकेट मिले, जिनमें गांजा भरा हुआ था। गांजे का कुल वजन 26.930 किलोग्राम था।

### आरोपियों और जब्त सामान का विवरण

पुलिस ने गांजे के साथ-साथ एक चार पहिया वाहन और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों पर नारकोटिक एक्ट की धारा 20 (ब) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी में फिरोज इस्तारी (45), निवासी खुर्सीपारा, भंडारा, महाराष्ट्र। अजय आर्या (37), निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश। पवन कुमार माहोर (36), निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अरूण देव गौतम ने इस उपलब्धि के लिए गरियाबंद पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। 10 से 12 सितंबर 2025 तक, ई.30 बटालियन, एसटीएफ, सीएएफ और कोबरा 207 बटालियन के संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान मैनपुर थाना क्षेत्र के राजाडेरा मटाल पहाड़ी में सुरक्षाबलों की माओवादियों से मुठभेड़ हुई। नक्सलियों ने घात लगाकर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की और माडेम बालाकृष्णा उर्फ मनोज (सीसी) सहित 10 बड़े नक्सली कैडरों को मार गिराया। इस बड़ी सफलता के बाद, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और बीएसएफ, सीआरपीएफ, कोबरा 207 और एसटीएफ के अधिकारी गरियाबंद पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा और ऑपरेशन में शामिल सभी जवानों को सम्मानित किया और उनके मनोबल को बढ़ाया। इस दौरान जवानों के लिए विशेष भोजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक ने खुद जवानों के साथ बैठकर भोजन किया। गरियाबंद पुलिस की इस बड़ी सफलता को नक्सल विरोधी अभियान के लिए एक नया बल माना जा रहा है, और जिले में पुलिस के समर्पण और सतर्कता की सराहना हो रही है।

**जवानों के लिए विशेष भोजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



# राजिम में नहर की सफाई से किसानों को राहत





**खबर का असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के टेल एरिया नहर 087 में विगत पखवाड़े भर से पानी नहीं पहुंच रहा था किसान परेशान थे इसके अलावा नाली की सफाई नहीं हुई थी जिसके कारण पानी खेतों तक पहुंच पाने में नहर लाइनिंग होने के बावजूद दिक्कत हो रही थी जिसकी खबर रविवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसका असर सुबह से ही देखने को मिला। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने अपने मजदूरों को निर्देश जारी कर तत्काल मौके पर जाकर साफ-सफाई और ऊपर में किए गए हेडअप को तोड़ दो। मजदूरों ने अपने अधिकारी के निर्देश का पालन करते हुए सफाई अभियान में लगे रहे। घास फुस को साफ कर रहे मजदूर हरिशंकर वर्मा एवं सुरेंद्र ध्रुव ने बताया कि हम सब अपने अधिकारी के निर्देश पर नहर की सफाई कर रहे हैं। अभी और भी कर्मचारी इस काम को पूरा करने के लिए आएंगे। उल्लेखनीय है कि खेतों को इन दिनों पानी की जरूरत है और ऐसे समय में जब से नहर नाली बना है यह पहली बार है कि इस मौसम में भी नाली में पानी नहीं आ रहा था जिसके कारण किसानों को अपने खेतों की सिंचाई के लिए परेशानी हो रही थी अब पानी आने के बाद किसान अपने खेतों में पानी की सिंचाई आसानी से कर लेंगे। विदित हो कि कि मेंटेनेंस के लिए हर साल लाखों रुपए की राशि स्वीकृत होती है परंतु यह राशि सीधे जेब में चला जाता है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष मेंटेनेंस के लिए राशि नहीं पहुंची है किंतु अन्य वर्षो में भी यही स्थिति रहती है।

**अनाधिकृत व्यक्तियों का रसोई क्षेत्र में प्रवेश पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध**

# स्कूल-छात्रावास व रसोई घरों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम अनुविभाग के एसडीएम विशाल महाराणा ने बताया कि नए नियमों के तहत, स्कूलों और छात्रावासों में रसोई और भोजन परोसने के क्षेत्रें में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और वार्डन को भोजन परोसने से पहले उसका स्वाद लेकर प्रमाण पत्र देना होगा। खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा और किसी भी चूक के लिए संस्था प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।श्री महाराणा ने बताया कि अनधिकृत व्यक्तियों का रसोई क्षेत्र में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। फिनाइल, कीटनाशक, डिटर्जेंट और केरोसिन जैसे हानिकारक पदार्थों को भोजन भंडारण क्षेत्र से अलग रखने के लिए ताले और सीलबंद कंटेनरों का उपयोग अनिवार्य होगा। इसके अलावा, सभी स्कूलों और छात्रवासों में प्राथमिक चिकित्सा किट और विषहर औषधियां उपलब्ध कराने के साथ साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए है।



**निगरानी समिति का किया जाएगा गठन-** एसडीएम विशाल महाराणा ने कहा कि खाद्य विषाक्तता जैसी आपात स्थिति के लिए मॉक ड्रिल और तत्काल पुलिस को सूचना देना भी अनिवार्य होगा। इसके लिए अभिभावक-शिक्षक निगरानी समिति का गठन किया जाएगा, जो नियमित समीक्षा करेगी। इसके साथ ही राज्य स्तर पर एक हेल्पलाइन और शिकायत तंत्र स्थापित करने के निर्देश है। छोटी से छोटी घटना की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को देनी होगी।

# जिले में बाल विवाह रोकथाम की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में 'एक्सेस टू जस्टिस – न्याय तक पहुंच' संस्था ने बाल विवाह रोकने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान में सबसे खास बात यह है कि धर्मगुरुओं को इसमें शामिल कर उन्हें सामाजिक बदलाव का सूत्रधार बनाया जा रहा है। संस्था के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि धर्मगुरुओं का सहयोग इस अभियान को बहुत मजबूत कर रहा है। उनका मानना है कि धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन से समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अभियान का लक्ष्य पूरे गरियाबंद जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इस पहल के तहत, जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे राजीव लोचन मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च और मस्जिद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहाँ धर्मगुरुओं से अपील की गई कि वे अपने श्रद्धालुओं को बाल विवाह के नुकसान के बारे में समझाएँ। बाल विवाह की किसी भी घटना की सूचना देने के लिए एक टोल-फ्री नंबर 1800-1027-222 भी जारी किया गया है। कोई भी नागरिक इस नंबर पर गोपनीय रूप से जानकारी दे सकता है। इस अभियान को सफल बनाने में जिला समन्वयक रमा जावलकर, सोशल वर्कर नंदनी साहू, वंदना दीवान, नंद कुमार और पूरी एक्सेस टू जस्टिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



**खबर संक्षेप**



## बेमचा खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 को

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा के मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 सितंबर सोमवार को होगा। यहां मनोकामना तेल ज्योति 701 रुपए निर्धारित है। ज्योति स्थापना 22 सितंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे, पंचमी श्रृंगार 26 सितंबर शुक्रवार, हवन अनुष्ठान 30 सितंबर मंगलवार को संध्या 05 बजे, ज्योति शांति 30 सितंबर मंगलवार रात्रि 12 बजे होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



## राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अनेक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम अणुव्रत गीत का गायन किया। प्रार्थना के पश्चात वरिष्ठ हिंदी शिक्षक गणेश सामल ने हिंदी में काव्य पाठन करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ की। छात्रा तानी अग्रवाल, आरोही, सवेरा बरिहा और अदिति तथा लता द्वारा गीत प्रस्तुत की गई। अध्यापिका गीतांजलि प्रधान, अनिता चौधरी एवं अध्यापक राजेश दुबे ने भी हिंदी भाषा को लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य नरहरि पटनायक ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए उसके सम्मान करने की अपील की। इस अवसर पर उपप्राचार्य नासिर खान के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर प्रकाश नाइट कार्यक्रम 17 को

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में 17 सितंबर बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हांड का वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने सृष्टि के रचना और सजाने-संवारने का कार्य किया है। जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी नाइट स्टार का कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने रखा गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर कृषक व बीज निगम अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्रवंशी अध्यक्ष कृषक कल्पाण परिषद, अजय अग्रवाल भाजपा नेता, विपिन चंद्राकर, तेजन चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष बागबाहरा, भेखलाल साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, एवन साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, जनपद सदस्य पूजा साहू, भाजपा महिला मोर्चा किरण यदु होंगे।

**स्वागत :** पूर्व सांसद का मैनपुर कांदाडोंगर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बन गई : चंदूलाल साहू





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बन गई है प्रधानमंत्री और उनकी मां के संबंध में कांग्रेस जो भी कह रही है वह निंदनीय है इससे देश के लोगो में भारी नराजगीय है जो कोई भी मां को बदनाम करने की कोशिश करेगा वह कभी सफल नही होगा उक्त बाते मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदुलाल साहू ने लोकनिर्माण विभाग विश्रामगृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा। श्री साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का वैभव और पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ नेता का उन्हे जो स्थान मिला है उससे कांग्रेस बौखला गया है आज कांगेस पाटी और विपक्ष को मोदी जी के खिलाफ बोलने के लिए कोई मुद्दा नही मिल रहा है जिसके चलते मोदी जी के स्वर्गीय माताजी का ए आई इस्तमाल कर अपमान जनक शब्दो का प्रयोग किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है किसी भी माता का अपमान करना केवल व्यक्तिगत नही बल्कि सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति का अपमान है इस देश की जनता उन्हे कभी क्षमा नही करेगी। कांग्रेस के नेताओं को इस विडियों के लिए माफी मांगना चाहिए। श्री साहू ने कहा वास्तव में वोट चोरी कहीं नही हुआ है और कोर्ट ने भी इस बात को कह दिया है देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश किया जा रहा है। श्री साहू ने इस दौरान कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप आरोप लगाए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा भाजपा महामंत्री महेश क"यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, मनोज निर्मलकर, महेन्द्र सोनी,पुलस्त शर्मा, तुलसी राठौर, मोहन कुशवाहा एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके बाद श्री साहू कांदाडोंगर मंडल के उसरजोर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी जनकल्याणकारी की रूप रेखा तैयार करने की चर्चा किया श्री साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प में प्रकाश डाला प्रधानमंत्री का सपना भारत को विश्व गुरू बनाने का है और भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता इस मिशन के सिपाही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष नवीन मांझी, दिनेश नागेश, मुकेश साहू, खुदेश्वर यादव, वेदमती, अभीराम मरकाम, निर्मला ध्रुव, केशरी नागेश, टीकम सिंह मांझी, तिरेश प्रधान, भुवन मांझी, अश्वनी अवस्थी, रोशन अवस्थी, अमरलाल यादव, चंपालाल यादव, मिश्री लाला यादव, रूपसिंह बस्तिया देवीसिंह एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकार किया देवी पुराण कथा का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से गरियाबंद जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा युवा नेता वीरेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को माँ झरझरा मंदिर में आयोजित होने वाली देवी पुराण की कथा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह कथा प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय के मुख से सुनाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कथा में शामिल होने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए वित्त मंत्री का आभार भी जताया। इनमें पारागाँव से पेंड्रा, पिपरछेड़ी से चिंगरमाल, और 09 टी 02 से बेगरपाला तक की सड़कों की स्वीकृति शामिल है।

### सरकार की प्रतिबद्धता

वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ जनता के हित में लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि नागरिकों को आसानी से सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार संतुलित, समावेशी और सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे छत्तीसगढ़ लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सके। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू और समिति के संरक्षक अभिषेक चतुर्वेदी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सांसद प्रतिनिधि बने मनमीत, सौंपा नियुक्ति पत्र



**पिथौरा।** महासमुंद लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने पिथौरा जनपद पंचायत क्षेत्र के भाजपा नेता मनमीत सिंह छाबड़ा (रिक्की) को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनमीत की जिम्मेदारी होगी कि वे पिथौरा क्षेत्र की जनता और सांसद के बीच सेतू का कार्य करें। वे क्षेत्र की समस्याओं को संकलित कर सांसद तक पहुंचाएंगे तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके समाधान के लिए पहल करेंगे। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने में सहयोग करेंगे। सांसद प्रतिनिधि की भूमिका के अंतर्गत वे सांसद की अनुपस्थिति में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों में प्रतिनिधित्व करेंगे तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने हर्ष जताते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और विकास की गति और अधिक तेज होगी। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए छाबड़ा ने सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे।

# रसेला के स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



बच्चों ने उठाया आनंद

शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला बेलडीही और दादरगाव नया मे न्योता भोज का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत रसेला के पारा बेलडीही के प्राथमिक शाला में देवकुमार मार्कडेय के जन्मदिन पर बच्चों को खीर पुडी और बालुसाय इत्यादि परोस कर स्वयं बच्चों के साथ भोजन किया। स्कूल के सभी शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं ने देवकुमार मार्कडेय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इसी कड़ी में दादरगाव नया के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में स्वर्गीय सुदर्शन नेताम के पितृ मिलन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शिक्षक असवत नेताम के सुपुत्र भविश कुमार नेताम के द्वारा न्योता भोज कार्यक्रम में कई प्रकार के पकवान परोसे गए। इस मौके पर नेताम परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। प्रधानपाठक एम आर साहू और कुसुमा नेताम ने बताया कि न्योता भोज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले भोजन को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। यह समुदाय को साल से जोड़ने की भी अच्छी पहल है। कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन जैसे आमजनों और संगठनों द्वारा विशेष मौके या राष्ट्रीय पर्व, त्योहार, जन्मदिन, विवाह, छट्टी, वार्षिक श्राद्ध खास अवसर पर स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकते हैं। बता दें कि शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन कई बार हो चुका है। इस प्रकार से आमजनों भागीदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को उचित पोषण आहार प्राप्त हो रहा है। यह न्योता भोज का सफल संचालन हमारे ग्राम के स्कूल में किया जा रहा है। इस प्रकार शाला में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने न्योता भोज आनंद उठाया। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हुआ। इसके साथ ही सभी बच्चों ने पितृ देवता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महासमुंद, बागबाहरा दोनों बायपास का डीपीआर प्रगति पर दिल्ली से स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ होंगे: डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

सुशासन तिहार में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणीग्राही ने बागबाहरा बायपास निर्माण की अपनी 19 वर्ष पुरानी मांग के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करते हुए जन हित एवं सुरक्षित यातायात के लिए शीघ्र निर्माण की मांग रखी। सुशासन तिहार समापन पश्चात इस संदर्भ में ऑनलाइन उत्तर डॉ पाणीग्राही को प्राप्त हुआ। जिसमें लिखा है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र के माध्यम से पैकेज के अंतर्गत एनएच 353 में बागबाहरा बायपास, महासमुंद बायपास सहित 65 किलोमीटर लंबाई में पेवड सोल्डर सहित 4 लेन सड़क निर्माण के लिए डीपीआर (विस्तृत कार्य योजना ) तैयार करने के लिए मेसर्स लायन इंजीनियरिंग कंसल्टेंट प्रालि भोपाल को क्षेत्रीय कार्यालय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय रायपुर द्वारा अनुमति प्रदान की गई है, जिसका सर्वे कार्य प्रगति पर है। साथ ही डीपीआर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नईदिल्ली द्वारा स्वीकृत होने के पश्चात समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर तत्काल कार्य प्रारंभ की जाएगी। यह पत्र मूलतः कलेक्टर महासमुंद को लिखा गया है। सुशासन तिहार संपन्न हुए 5 माह बीत जाने के बाद भी बागबाहरा एवं महासमुंद बायपास निर्माण की कुछ भी जमीनी हलचल न मिलने के कारण वास्तविकता से अवगत होने राजमार्ग 353 के कार्यपालन यंत्री (ईई) ऑफिस रायपुर पहुंचकर डॉ पाणिग्राही ने ईई गोविंद अहिरवार से भेंटकर विस्तृत चर्चा की। ईई अहिरवार ने दोनों बायपास के सर्वे, एलाइनमेंट, डीपीआर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य प्रगति पर है। एलाइनमेंट डीपीआर पूरा होते ही सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नईदिल्ली में इंजीनियरों की उपस्थिति में प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। इसमें हमारे यहां से भी इंजीनियर शामिल होंगे। प्रेजेंटेशन पश्चात स्वीकृति होते ही निर्माण प्रारंभ होंगे। कितना समय लगेगा इसका सटीक बता पाना संभव नहीं है। समय जरूर लग रहा है। दोनों बायपास एवं पेव्ड सोल्डर सहित 4 लेन सड़क निर्माण जरूर शुरू होगा। चर्चा से संतोष व्यक्त करते हुए डॉ पाणीग्राही ने ईई से कहा कि बायपास न होने तथा दोनों शहर में मुख्य मार्ग शहर के मध्य से गुजरने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। हाल ही में महासमुंद, बागबाहरा दोनों जगह बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुईं हैं। चर्चा के दौरान डॉ पाणिग्राही ने जानकारी दी कि बागबाहरा बायपास की मांग सर्वप्रथम उनके द्वारा वर्ष 2006 में तत्कालीन जिला प्रभारी मंत्री ननकी राम कंवर को ज्ञापन देकर की गई थी। 18 जून 2006 को दूरदर्शन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हेलो मुख्यमंत्री कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा था कि मैं बागबाहरा की जनता को विश्वनाथ पाणीग्राही के माध्यम से विश्वास दिलाता हूं कि मेरी सरकार बागबाहरा बायपास जरूर बनाएगी। बजट में भी शामिल की जाएगी। बागबाहरा बायपास को साकार देखने डॉ पाणिग्राही समसामयिक अवसरों तथा निरंतर प्रयास की कड़ी में पत्र, ई मेल ज्ञापन सड़क परिवहन राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली, नागपुर, रायपुर में भेंट तथा ज्ञापन के माध्यम से लगातार प्रयास कर रहे हैं। प्रयास निरंतर जारी हैं।



## हिंदी दिवस पर रायतुम स्कूल में विविध आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला रायतुम में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकारी, निबंध लेखन, कविता भाषण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल समन्वयक रायतुम गोविंद ध्रुव ने की। इस अवसर पर गोविंद ध्रुव ने कहा कि हिंदी भारत का गौरव, एकता, सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना है। लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर चेतन गायकवाड़ प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला रायतुम, रामेश्वरी हनुमंता प्रधान पाठक प्राथमिक शाला रायतुम, खेमराज दीवान, केआर सोनवानी, हेमलता निर्मलकर, लोकेश्वरी साहू ने संबोधित किया। प्रतिभागी बच्चों को कापी पेन देकर सम्मानित किया गया।

# नगर में निकाली गई नशामुक्ति जनजागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

- एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



नशामुक्ति जनजागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से हुई, जहां एसडीएम अनुपमा आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभाग प्रमुख एवं अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैनर, पोस्टर और स्लोगन तख्तियों के माध्यम से आमजन को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया गया। एसडीएम अनुपमा आनंद ने कहा कि नशा, नाश की जड़ है। हमें नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए निष्ठा से प्रयास करना होगा और समाज को स्वस्थ एवं प्रगतिशील बनाने की दिशा में योगदान देना होगा। उन्होंने युवाओं से सृजनात्मकता और सकारात्मक ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। रैली हाईस्कूल मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होती हुई पुरानी मंडी तक पहुंची और वहीं से वापस हाईस्कूल मैदान में हुई। इस दौरान जयस्तंभ चौक और पुरानी मंडी परिसर में विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक का जीवंत मंचन कर नशे के दुष्प्रभावों को उजागर किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में एसडीएम ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने किया।

इस अवसर पर एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार हरि भोय, सीईओ अमित कुमार हालदार, बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, बीएमओ डॉ कुणाल नायक, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं नगरवासी मौजूद रहे। इसी कड़ी में विकासखंड सरायपाली के 90 मिडिल स्कूल एवं 38 हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों में भी नशामुक्ति रैली, पोस्टर स्लोगन लेखन व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिससे गांव-गांव और गली-गली में नशामुक्ति का संदेश गूंज उठा।

## ग्रीन कैंपस-नीम कैंपस कार्यक्रम के अंतर्गत 50 नीम पौधों का रोपण

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में पहल फाउंडेशन एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रीन कैंपस-नीम कैंपस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित परिसर का निर्माण तथा छात्राओं में पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार एवं पहल फाउंडेशन की संस्थापक प्रणिता साहू द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में कुल 50 नीम पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि आने वाले दो वर्षों में परिसर में 200 नीम पौधों का रोपण किया जाएगा।

# प्रदेश के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव (कोरासी)



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती का पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आयुष विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में श्री पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य के मुख्य आतिथ्य में रजत जयंती पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा के डॉ. ऐश्वर्या साहू एवं उनकी टीम ने छात्र छात्राओं को योग का अभ्यास कराया तथा आयुष विषय पर संवाद, योग के महत्व पर व्याख्यान एवं एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण, आदि कार्यक्रम किया गया। आयुर्वेद विभाग के कर्मचारियों द्वारा बच्चों, शिक्षकों, मितानिनों एवं उपस्थित जनसमुदाय को काढ़ा पिलाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों, आयुर्वेद औषधालय के कर्मचारियों, मितानिनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नारा लगाते हुए जुलूस के रूप में ग्राम का भ्रमण किया गया। इस रजत जयंती पर्व पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्री पंकज निर्मलकर, आयुर्वेद औषधालय के डॉ.ऐश्वर्य साहू, प्रधान पाठक श्री थानेश्वर निर्मलकर, प्रधान पाठक लीलाधर साहू, श्री प्रदीप कुमार बढ़ाई, श्री टेमन लाल साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, तेज ध्रुव, सुश्री झरना सिन्हा, श्यामाचरण दीवान, पुनारद यादव, धनेश ध्रुव आदि सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी ने जीएसटी को लेकर उठाई थी आवाज : साहू

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने एक कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी ने जीएसटी की भारी भरकम वसूली व जटिल नियम के खिलाफ लगातार जन आंदोलन किया। जगह-जगह धरना प्रदर्शन, ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने जीएसटी का विरोध किया। यही दबाव था कि 8 वर्ष बाद सरकार को जीएसटी स्लैब कम करना पड़ा।



श्री साहू ने कहा कि पिछले 8 वर्षों से जीएसटी के भारी-भरकम बोझ से जनता को लूटा गया। शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि और दैनिक उपयोग के आवश्यक खाद्य सामग्री पर जीएसटी थोप दिया गया। ये वे वस्तुएँ थीं जिन्हें पहले कांग्रेस शासन की कर प्रणाली से बाहर रखा गया था ताकि बच्चों की शिक्षा और किसानों की खेती-किसानी पर और आम जनता को दैनिक खाद्य सामग्रियों पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। लेकिन भाजपा सरकार ने आम जनता की इस मजबूरी को राजस्व वसूली का माध्यम बना दिया। 8 वर्षों तक शिक्षा ,कृषि, स्वस्थ और जैसे जीवन के बुनियादी स्तंभों पर कर वसूला गया और आम नागरिक की जेब पर सीधा प्रहार किया गया। श्री साहू ने कहा कि जीएसटी से राहत दिलाने का श्रेय केवल और केवल आम जनता की आवाज और कांग्रेस के सतत संघर्ष को जाता है। भाजपा सरकार की नीतियाँ शुरू से ही आम आदमी और किसानों के खिलाफ रही हैं और हमेशा यह सरकार जनता को गुमराह करती आ रही है। कांग्रेस पार्टी संकल्प लेती है कि आगे भी जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा और शिक्षा व खेती को कर-मुक्त रखने की दिशा में निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### मातृ नवमी पितरों को शांति का विशेष दिन : पं. त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** वैदिक ज्योतिष के विद्वान पंडित त्रिभुवन मिश्रा ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के इन 15 दिनों में मातृ नवमी का विशेष महत्व है। यह दिन उन माताओं, बहनों और बेटियों को समर्पित होता है जिनकी मृत्यु हो चुकी है।



पंडित मिश्रा के अनुसार, यह माना जाता है कि इस तिथि पर श्राद्ध करने से परिवार की दिवंगत महिला सदस्यों की आत्मा को शांति और आशीर्वाद मिलता है। मातृ नवमी का श्राद्ध करने से पितरों को तृप्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। श्राद्ध पूजन में तुलसी का विशेष महत्व होता है, इसलिए मातृ नवमी के दिन तुलसी की पूजा जरूर करनी चाहिए।

**जनदर्शन : सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश देने का दिया आश्वासन**

# जनदर्शन में जनता ने बताई समस्याएं विधायक ने किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विधायक रोहित साहू ने शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय छुरा में अपना मासिक जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र भर से आए लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण बन गया है। यहाँ आने वाले लोग न सिर्फ राहत की उम्मीद लेकर आते हैं, बल्कि अपनी परेशानियों का समाधान पाकर संतुष्ट होकर लौटते हैं। विधायक रोहित साहू लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हैं और उनका हल निकालने का प्रयास करते हैं। शनिवार के जनदर्शन कार्यक्रम में विधायक को कई तरह के आवेदन मिले, जिनमें ये प्रमुख हैं। टेंगनाबासा के आश्रित गाँव रावनाभाठा और कोसमबुड़ा से खुशरूपाली तक तटबंध बनाने की मांग। अमर शहीद फनेश्वर सिन्हा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरीद में अहाता और प्रार्थना शेड का निर्माण।



**प्रमुख मांग**

- ग्राम सेहरापानी में पेयजल और बिजली की व्यवस्था।
- ग्राम बोड़राबांधा (ब) में आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति।
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दुल्ला के प्राचार्य को हटाने की मांग।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में मुक्तांजलि वाहन (शव वाहन) की व्यवस्था।
- अनुशासनहीनता की शिकायतें और अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन।
- पंचायत सचिवों को हटाने और घरेलू मीटर कनेक्शन उपलब्ध कराने संबंधी शिकायतें।
- विधायक साहू ने सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छुरा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## कोसमी में आयोजित दो दिवसीय रामकथा में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

क्षेत्र के ग्राम कोसमी में ग्रामवासियों द्वारा दो दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू पहुँचे, साथ में महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष केशरी ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान विधायक रोहित साहू सहित सभी अतिथियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी को भव्य श्रीराम कथा के लिए बधाई दी। इस दौरान जनमानस को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। भगवान राम का जीवन हमारे समाज के लिए एक आदर्श है। श्रीराम के जीवन के हर पहलू से एक नई सीख मिलती है। उनका जीवन हमारा सही मार्गदर्शन करता है। भगवान श्रीराम जी एक पुत्र के रूप में,एक भाई के रूप में तथा एक राजा के रूप में समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। वे सभी रूपों में पूज्यनीय हैं। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि कथा के माध्यम से प्रभु श्रीराम जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जा रहा है जिससे हम सभी को श्रीराम जी के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा व अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में..आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।



### मड़ेली में में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में मातृनवमी के पावन पर्व पर मेट कबड्डी प्रतियोगिता दो दिवसीय का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ के मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी जिला वन सभापति गरियाबंद, अध्यक्षता मीरा देवनारायण ठाकुर जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार ध्रुव सरपंच, जसप्रीत सिंह गुरुदत्ता उप सरपंच, हेमुराम साहू एवं कल्याण साहू शिक्षक के आतिथ्य में कब्बड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ फिता काट कर किया गया।

## कोपरा को नगर और फिंगेश्वर को तहसील संघ का दर्जा देने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

गरियाबंद के बेलर में जिला साहू संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नारायण साहू ने की। इस दौरान संगठन के चुनाव और एकता को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कोपरा ग्रामीण साहू समाज को सर्वसम्मति से नगर साहू संघ का दर्जा दिया गया। इसके अलावा, फिंगेश्वर को तहसील साहू संघ बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया। प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर, जिला अध्यक्ष नारायण साहू ने गरियाबंद जिले के सभी ग्राम और परिक्षेत्र साहू संघों के आगामी चुनावों की घोषणा की। यह तय किया गया कि राजिम तहसील के सभी क्षेत्रों में चुनाव निर्धारित समय के भीतर पूरे किए जाएंगे। जल्द ही चुनावों की तारीख और समय की घोषणा भी कर दी जाएगी। इसी बैठक में, साहू समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एमबीबीएस के छात्र धीरज साहू



बेलर में जिला साहू संघ की बैठक हुई

और खिलेश साहू को सम्मानित किया। ये दोनों सगे भाई और अधिवक्ता खेमराज साहू रोहित के बेटे हैं। समाज के वरिष्ठ लोगों ने दोनों छात्रों को शॉल, श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। फिंगेश्वर के प्रमुख वक्ता रामु राम साहू ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का असली धन है और समाज के युवाओं की सफलता पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने की अपील की। जिला अध्यक्ष नारायण साहू ने भी दोनों छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। जिला स्तरीय बैठक, सम्मान समारोह के इस अवसर पर जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष नारायण साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, महासचिव हेमंत साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोती साहू राजिम तहसील साहू संघ के अध्यक्ष रामजी साहू, उपाध्यक्ष भारती साहू, संरक्षक कुंजबिहारी साहू, रामुराम साहू, सचिव घनश्याम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु साहू , खोमन साहू, भुवन साहू, सालिक साहू,राधेलाल साहू, मडेली उपाध्यक्ष, जामगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू ,सचिव संतु साहू महासचिव मिंजुन साहू महिला प्रतिनिधि धानबाई, संगीता साहू, रेखा साहू, हरिराम साहू की उपस्थिति ने बैठक में प्रमुख उपस्थित थे।

## सूखा नदी पुल की स्वीकृति विधायक का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विधायक रोहित साहू के लगातार प्रयासों से छुरा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। छुरा कोमाखान मार्ग पर स्थित सूखा नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाने के लिए 10 करोड़ 63 लाख 75 हजार की राशि मंजूर की गई है। इस खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद जब विधायक रोहित साहू छुरा पहुंचे, तो स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुल के पास उनका काफिला रोककर उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इसके बाद



एक बड़ी बाइक रैली निकाली गई जो विधायक के साथ विश्राम गृह तक गई। यह पुल निर्माण सिर्फ एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि विधायक रोहित साहू के प्रयासों से हो रहे लगातार विकास कार्यों का एक और उदाहरण है। उनके कार्यकाल में क्षेत्र के हर गाँव तक विकास पहुँचा है, जिससे जनता काफी खुश है। इससे भाजपा खेमे में उत्साह है, जबकि विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ गई है। इस मौके पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह सब जनता के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर और उनकी सरकार पर दिखाया है, वह सबसे बढ़कर है। उन्होंने वादा किया कि विकास के काम इसी तरह पूरे पाँच साल तक चलते रहेंगे।

## बम्हनी में गोंडवाना समाज ने मनाया नवाखाई त्योहार





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

के ग्राम बम्हनी में रविवार को अखिल भारतीय गोंडवाना तहसील स्तरीय राज गोंड समाज ने पारंपरिक रूप से नवाखाई जोहर त्योहार मनाया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी और अन्य सामाजिक तथा राजनीतिक नेता उपस्थित थे। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें प्रवेश द्वार पर पीला चावल का टीका लगाकर और सफेद पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया गया। राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हर हाल में अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन' सरकार की योजनाओं का जिक्र किया, जैसे 3,100 प्रति क्विंटल धान की खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत माताओं और बहनों को 1,000 की मासिक सहायता, और लाखों आवासों की स्वीकृति। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से आदिवासी समाज को विशेष लाभ मिल रहा है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि भाजपा हमेशा आदिवासी समाज का सम्मान करती है। उन्होंने देश के राष्ट्रपति और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज के लोगों के नेतृत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नवाखाई का त्योहार हमारे पूर्वजों की देन है, जिसे हमें संजोकर रखना है। पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी ने आने वाली पीढ़ियों को अपनी रीति-रिवाजों और संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे, जिन्होंने एक-दूसरे को नवाखाई पर्व की बधाई दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



### समस्या : किसान बीमारियों को रोकने के लिए महंगी दवा का कर रहे छिड़काव

# धान की फसलों में झुलसा भूरा, सुकड़ी व तनाछेदक का प्रकोप, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में धान की फसलों में तरह-तरह की किट प्रकोप से किसान परेशान हो चूके हैं और मंहगी से मंहगी दवाई भी काम नहीं आ रही है। इन दिनों धान की फसलों में झुलसा भुरा धब्बा, सुकड़ी, तनकछेदक जैसे बिमारी दिखाई दे रहे है। किसान पहले से खाद की परेशानी से जुझ रहे हैं अब धान की फसलो में किट प्रकोप ने त्रस्त कर दिया है हालाकि किसानों को कृषि विभाग द्वारा सलाह दिया जा रहा है की क्षेत्र के मैनपुर, भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, गौरघाट, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, नहानबिरी, तुहामेटा, कोनारी, कोदोभाठ, बरदूला, मैनपुर कला, फुलझर, बोईरगांव, अड़गड़ी, कोयबा, शोभा, गोना, गौरगांव, उंदती, इंदागांव, कुरूंभाठा, गरहाडीह, कोकड़ी, बरगांव साहेबिन कछार आदि ग्रामो मे किसान धान के फसलों में बीमारियों से परेशान है।

■ लगातार दवा का छिड़काव नहीं हो रहा है असर





**किसानों को दी जा रही है सलाह**

मैनपुर कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया की धान की फसलों में कई तरह की बिमारी दिख रही है और कृषि विभाग लगातार गांव-गांव पहुंचकर किसानों को सलाह दिया जा रहा है।



मैनपुर क्षेत्र के किसान थानु पटेल, आलीम अंसारी, नियाजू भाई, पारेश्वर नेताम, आदेश पटेल, भागीरथी पटेल, पंचम पटेल गुमान सिंह ने बताया इन दिनों धान की फसल में सुखड़ी और अनेक प्रकार के बिमारी दिखाई दे रहे है किसान लगातार धान की फसल को बचाने के लिए दवा डाल रहे है लेकिन रूक-रूक कर हो रही बारिश से दवा का असर नहीं हो रहा है साथ ही किसानों ने कहा की ऐसे समय में कृषि विभाग के अधिकारी क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं किसान फसल को बचाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं कई किसान कर्ज लेकर फसल में दवा का छिड़काव किये जाने की बात बताई तो वहीं किसानों ने बताया की लगातार दवा का छिड़काव का असर नहीं हो रहा है। मैनपुर क्षेत्र के गोहरापदर, अमलीपदर इलाके के किसान खंड वर्ष से जूझ रहे हैं। इस क्षेत्र में पर्याप्त बारिश के चलते किसानों के धान में पीलापन नजर आ रहे हैं पत्तीयां सूख रही है ये कौन सा बिमारी है किसान चिंतित है।

# गोना में नवाखाई ठाकुर जोहरानी के समारोह में पहुंचे विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 30 किलोमीटर दुर घने जंगल के अंदर बसे ग्राम गोना में आज रविवार को सर्व आदिवासी समाज राजापडाव क्षेत्र के तत्वधान में नवाखाई ठाकुर जोहरानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आदिवासी समाज के इस विशाल कार्यक्रम में राजापडाव गौरगांव क्षेत्र के आठ पंचायतों से आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए सुबह 10 बजे के आसपास इष्टदेव बुढादेव का विशेष पुजा अर्चना कर कलश यात्र निकाली गई, इस कलश यात्रा में बडी संख्या में महिलाए अपने सिरों पर कलश लेकर चल रहे थे तो आदिवासी समाज के युवा, बुजूर्ग व क्षेत्र के लोग आदिवासी समाज के परम्परा अनुसार वादय यंत्र ध्वज के साथ कलश यात्र में शामिल हुए पश्चात एक विशाल सभा का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, सरपंच घन"याम मरकाम, कृष्णा नेताम, दसरथ नेताम, सुनिल मरकाम, दैनिक राम मंडावी, बुधुराम मरकाम, दिनाचंद मरकाम, प्रताप नेताम, हेमराज नेताम, नरेश नेताम, भानुराम नेताम, रमेश मरकाम, महेत्तर नेताम, रमेश मरकाम, जयदेव नेताम, भीखम मरकाम, फूलचंद मरकाम, रामदास मरकाम, भुनेश्वर नेगी, मोति नेताम, तुकाराम नेताम, सुलेश मरकाम, मोहन मरकाम, निहाल नेताम, एवं पूरे क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।



**समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा**

ठाकुर जोहरानी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा प्रतिवर्ष आदिवासी समाज द्वारा नवाखाई पर्व के बाद ठाकुर जोहरानी पर्व का आयोजन किया जाता है,जिससे आदिवासी समाज में एकता और भाईचारा बना रहता है श्री ध्रुव ने कहा आज यहां आकर बेहद खुशी महसूस हो रही है क्षेत्र के लोगों के समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा श्री ध्रुव ने कहा आदिवासी संस्कृति और परम्परा अनुसार नवाखाई पर्व के बाद हर साल मिलन समारोह का आयोजन करते है इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज के लोग एक जगह एकत्र होकर समाज के विकास और समाज के उत्थान के बारे में विचार विमर्श करते है, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की आदिवासी समाज के लोग काफी सीधे सरल व सज्जन स्वभाव के होते है, समाज के बच्चे अच्छे शिक्षा हासिल कर परिवार समाज और राष्ट्र के विकास मे योगदान देंगें, लोकेश्वरी नेताम ने कहा सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है हमें जरूरत है कि पूरी जागरूकता के साथ उन योजनाओं का लाभ उठाएं और समाज के सभी लोगों का सहयोग करें। इस दौरान जिला पंचायत संजय नेताम ने कहा की इस तरह आदिवासी समाज के कार्यक्रमों से आपसी प्रेम के साथ रहने का प्रेरणा देता है समाज के लोगों को पहले से और अधिक संगठित और एकता के साथ रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी पारम्पारिक नृत्य और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार बिजली कीमतों में बढ़ोतरी वापस ले: गेंदु यादव



**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस मैनपुर महामंत्री गेंदु यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा भाजपा सरकार ने सोलर पेंनल बनाने वाले अपने पूंजीपति मित्रे को फायदा पहुंचाने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया जिसका परिणाम इस माह हर घर में दुगुना बिजली बिल आया है जिसके चलते गृहस्थ जीवन में खर्च बढ़ गया है आम लोगो का घरेलू बजट बिगड़ गया है जनता वैसे भी मंहगाई से परेशान है उस पर बिजली बिल हाफ योजना बंद करना कुठाराघात साबित हो रहा है श्री यादव ने कहा सरकार को चाहिए कि प्रदेश की जनता को राहत पहुंचाने के लिए बिजली बिल हाफ योजना पुनः शुरू किया जाय।

### गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुआ विवाद

**महासमुंद।** बम्हनी के एक गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुई मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सुषमा ढीढी निवासी वार्ड नंबर 13 ने बताया कि उसके पड़ोसी देवनाथ जांगड़े , सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े के घर का गंदा पानी बहने के कारण गली में कीचड हो गया है, जिससे आने जाने में परेशानी होती है। इसे लेकर प्रार्थिया की भाभी पार्वती सोनवानी, इंद्रा रात्रे, सकवंती बंजारे एवं उसकी मां भगवत देवी रात्रे तथा अन्य लोगो के द्वारा 13 सितंबर की शाम करीब 7 बजे से 07.30 बजे के मध्य समझाने के लिए गए थे। इसी दौरान आरोपी तो देवनाथ जांगड़े, सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े एक राय होकर तुम लोग हमें बोलने वाला कौन होते हो कहकर गाली गलौज करने लगे।

# स्वयंसेवकों ने चलाया अक्षर ज्ञान पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम कुर्रा में फूलचंद आग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में छ.ग. रजत जयंती व हिन्दी दिवस पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया। ग्राम के अशिक्षित जन को अक्षर ज्ञान भी कराया गया जिसमें ब्लैकबोर्ड में क, ख, ग वर्णमाला व 1,2,3 गिनती की पहचान कराते हुए उन्हें लिखकर दोहराने का अभ्यास कराया गया जिससे पढ़ाई लिखाई के प्रति उनकी झिझक दूर हो सके। गतिविधि में ग्रामीणों ने बच्चों की तरह ऊंचे स्वर में पहाड़ा पढ़कर भी सुनाया। डॉ. आर के रजक ने कहा कि हम बोलचाल में बहुतायत अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का प्रयोग कर अपनी भाषा का अपमान कर रहे हैं। हिन्दी हमारे देश का सम्मान एवं राष्ट्र का गौरव है। वरिष्ठ स्वयंसेवक विकास साहू ने स्वयंसेवकों व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदी पूर्ण रूप से वैज्ञानिक भाषा है। आज दुनिया के अनेक देशों में हिंदी भाषा को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जा रहा है। बढ़ती हुई तकनीकी और मीडिया में हिंदी भाषा लोकप्रिय हो रही है। तोरण साहू ने कहा कि आज देश के किसी भी कोने में जाए वहां अंग्रेजी के साथ साथ राष्ट्रभाषा हिंदी में भी न्यायालयीन एवं अन्य घटको के कार्य संपन्न होते है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने शर्म नहीं सम्मान है हिंदी ही हमारा अभिमान है, ताल से ताल मिलाए जा हिंदी को आगे बढ़ाए जा, ईस्ट हो या वेस्ट हिंदी इस द बेस्ट, सबसे प्यारी सबसे न्यारी हिंदी से हम हिंदी है हमारी, पढ़ना है पढ़ाना है हिंदी को आगे बढ़ाना है ऐसे ही अनेक नारों से ग्राम कुर्रा को गुंजायमान किया गया साथ ही अजय, रेणुका, दामिनी एवं ग्रुप द्वारा चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व को तथा पायल, भूपेंद्र, कैलाश एवं ग्रुप ने एचआईवी एड्स जैसे बीमारी के बारे में रेखांकित किया। कार्यक्रम में टीना, तिलक, नंदिनी,राम सोनकर, लिलि सहित 94 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।




### आईसेक्ट एवं पृथ्वी फाउंडेशन की सराहनीय पहल

# छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान स्पर्धा के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित एवं अग्रणी संस्था आईसेक्ट एवं समाजसेवी संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नवापारा एवं राजिम क्षेत्र के विभिन्न स्कूलो में सामान्य ज्ञान, प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं को प्रदेश की लोक कला, संस्कृति, लोकपर्व, त्यौहारों से अवगत करा रहा है। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति एवं छत्तीसगढ़ की विकास गाथा को बताने के लिए आईसेक्ट एवं पृथ्वी फाउंडेशन के सदस्य विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के इतिहास, राज्य स्थापना, आंदोलन, छत्तीसगढ़ की सामाजिक एवं भौगोलिक जानकारीया प्रदान कर रहे है। स्कूलों में छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, क्विज, निबंध प्रतियोगिता के आयोजन पश्चात प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। जिसे छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष नाम दिया गया है। विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए नवापारा एवं राजिम क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अभनपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौद, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरा नवापारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगितराई, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनेसिल्ली में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है।

**संस्कृति से छात्रों को अवगत कराना मूल उद्देश्य : सिन्हा**

पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने बताया कि स्कूली छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं लोकपर्व, त्यौहार एवं परंपरा से अवगत कराने के लिए रजत जयंती वर्ष में स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्र छात्राएं बहुत उत्साह से भाग ले रहे है। आईसेक्ट संचालक बलराम देवांगन के पच्चीस वर्षों के अनुभव एवं मार्गदर्शन से विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफलता पूर्ण संचालन हो रहा है। स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण का भरपूर सहयोग मिल रहा है। पृथ्वी फाउंडेशन के सदस्य सविता गोस्वामी, हर्षा कंसारी, कल्पना पांडे, निरुपमा भट्टाचार्य के सहयोग से स्कूलों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की जा रही है।

# हिंदी दिवस पर सेंट जॉन्स स्कूल छुरा में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में 14 सितंबर को हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मंच संभाला और विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, गीत और कविता-पाठ प्रस्तुत कर हिंदी भाषा की गरिमा, महत्व और समृद्धि को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया। बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



कार्यक्रम की तैयारी और सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक दुष्यंत यदु एवं अरशद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निर्देशन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या जॉर्ज बिंदु जैकब ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि, हिंदी दिवस जैसे आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें मातृभाषा हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना भी जागृत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और यह संकल्प लिया गया कि हिंदी भाषा को गर्व और सम्मान के साथ जन-जन तक पहुँचाने का कार्य लगातार किया जाएगा।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा को लेकर नवापारा व परसदा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा भाजपा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक विधायक इंद्रकुमार साहू की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर को गांधी-शास्त्री जयंती तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने की योजना बनाना था। इस बैठक में नवापारा भाजपा मंडल के अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी और पार्षद सचिन सचदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



इसी तरह, परसदा गांव में भी 17 सितंबर को 'सेवा पखवाड़ा' मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक अलग बैठक आयोजित की गई जिसमें विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू और जिला मंत्री संचित तिवारी जैसे नेता शामिल थे। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई ताकि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

### सेवा पखवाड़ा के मंडल स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए विधायक

# सेवा पखवाड़ा संगठन और सेवा कार्यों को अग्रसर करने का माध्यम है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल छुरा में शनिवार को सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विधायक रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक रोहित साहू ने बताया कि 17 सितंबर को सृजन व निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती है तथा उसी दिन देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मदिन है जो वर्तमान में देश के नवनिर्माण में लगे हैं। 17 सितम्बर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। सेवा पखवाड़ा समाजसेवा और संगठन को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में कार्य किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रभात फेरी, पुस्तक प्रदर्शनी जैसे जन-जन तक पहुंचाने जैसे कई कार्यक्रम होंगे।

**विकास कार्यों को जन -जन तक पहुंचाएं**



उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि पूरे मंडल के प्रत्येक बूथों पर हमारे कार्यकर्ता पहुंचे तथा जनसंपर्क कर समाजसेवी गतिविधियों का आयोजन करें जिसका लाभ पार्टी संगठन के साथ ही ग्रामीणों को भी हो। हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को भी जन जन तक पहुंचाए। हमने और हमारी सरकार ने जितना विकास कार्य इन दो वर्षों में किया है वह ऐतिहासिक उपलब्धियों से कम नहीं है। इसे प्रत्येक कार्यकर्ता सभी को बताएं और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए इस सेवा पखवाड़ा को सार्थक बनाएं। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती एवं महापुरुषों के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति द्वय लेखराज धुर्वा व शिवांगी चतुर्वेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, पूर्व जनपद, अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज शाह, खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जनपद सदस्य भुनेश्वरी दीवान, छुरा मंडल उपाध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, खड़मा मंडल महामंत्री पालेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।




